दिन– बुधवार

दिनांक– 01/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. देशभर में जनगणना का पहला चरण आज से शुरू। बिहार में सत्रह अप्रैल से होगी प्रथम चरण की शुरूआत।

02 केंद्र सरकार ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान में फंसे एक हजार एक सौ इकहत्तर भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

03. राज्य में गेहूं की सरकारी खरीद आज से शुरू। किसान पंद्रह जून तक पैक्स और व्यापार मंडल के जरिए बेच सकेंगे गेहूं।

04. और, नालंदा के शीतला मंदिर में हुई भगदड़ मामले में पांच गिरफ्तार। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत बीस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

---

देश में जनगणना–दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना तथा दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। बिहार में जनगणना की शुरूआत सत्रह अप्रैल से होगी। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सत्रह अप्रैल से एक मई तक स्व–गणना होगी। इस अवधि में नागरिकों को यह सुविधा दी गयी है कि वे वेब–पोर्टल के माध्यम से पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर स्वयं दे सकते हैं। मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना दो मई से शुरू होगी, जो इकतीस मई तक चलेगी। राज्य सरकार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के स्व–गणना तथा मकान सूचीकरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों का सही और स्पष्ट उत्तर दें। साथ ही जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मियों का सहयोग करें। समाचार कक्ष से निधि श्री।

जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

---

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान में फंसे आठ सौ अठारह छात्र सहित एक हजार एक सौ इकहत्तर भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फंसे हुए सभी भारतीय आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते जमीनी सीमा पार कर ईरान से निकाले गए हैं। श्री

जायसवाल ने आर्मेनिया और अज़रबैजान के अधिकारियों को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक मोर्चे पर भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा रहा है।

---

संवाददाता सम्मेलन में कृषि और किसान कल्याण विभाग की अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश में सभी प्रकार की फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। देश भर में खरीफ फसलों के एक सौ पचासी लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं। अपर सचिव ने कहा किकृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है।

---साउंड बाइट---

---

संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल का भंडार वर्तमान में पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले दो महीनों के लिए पर्याप्त कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है।

---साउंड बाइट---

---

प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिव शामिल हुए।

---

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच तेल विपणन कंपनियों ने महानगरों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के अनुसार पटना में उन्नीस किलो वाले व्यावसायिक सिलेंडर का दाम दो सौ बीस रुपये बढ़कर दो हजार तीन सौ तिरेपन रुपये पचास पैसे हो गया है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है।

---

राज्य में गेहूं की सरकारी खरीद आज से शुरू हो गयी है। किसान पंद्रह जून तक पैक्स और व्यापार मंडल के जरिए अपनी गेहूं बेच सकेंगे। सहकारिता विभाग के

अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार पांच सौ पचासी रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में एक सौ साठ रुपये अधिक है। विभाग ने कहा है कि अड़तालीस घंटे के अंदर किसानों को भुगतान कर दिया जायेगा। इस वर्ष गेहूं खरीद का लक्ष्य अठारह हजार मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। सहकारिता विभाग ने किसानों की सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर–**शून्य छह एक दो–दो दो शून्य शून्य छह नौ तीन** भी जारी किया है। इधर, शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलाधिकारी शेखर आनंद ने आज सदर प्रखंड अंतर्गत हथियावां पैक्स में गेहूं खरीद की शुरूआत की।

---

राज्य के स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए आज से टाइम ऑफ डे टैरिफ प्रभावी हो गया है। नई व्यवस्था के अनुसार उपभोक्ताओं को दिन में सस्ती और रात में महंगी बिजली मिलेगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

नये नियम के अनुसार रात के ग्यारह बजे से सुबह नौ बजे तक बिजली खपत पर कंपनी की ओर से निर्धारित दर के अनुसार ही बिजली बिल देना होगा। वहीं, सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली खपत करने पर लोगों को मात्र बीस प्रतिशत कम बिल का भुगतान करना होगा जबकि शाम पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक निर्धारित दर से बीस प्रतिशत अधिक बिल देना होगा। इस फैसले से सतासी लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे। स्मार्ट मीटर नहीं होने की स्थिति में जिन उपभोक्ताओं का लोड दस किलोवाट से अधिक होगा, उनके लिए भी यह व्यवस्था रहेगी। पिछले वर्ष केवल औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था थी। समाचार कक्ष से अमरनाथ प्रसाद।

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि जूट उद्योग देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज पटना के ज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पटसन बोर्ड और भारतीय पटसन निगम लिमिटेड के स्थापना दिवस कार्यक्रम पर उन्होंने ये बता कही। समारोह को उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी संबोधित किया।

---

उप मुख्यमंत्री सह–खनन और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका विभाग राज्य के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है और शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिन्हा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में तीन हजार पांच सौ बानवे करोड़

रुपये का राजस्व संग्रह हुआ है। श्री सिन्हा ने बताया कि यह पिछले वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है।

---साउंड बाइट---

---

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी चंचल कुमार ने आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय जाजू का स्थान लिया है। बिहार कैडर के अधिकारी श्री कुमार इससे पहले पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत थे।

---

रेलवे जम्मू तवी और छपरा के बीच छह अप्रैल से एक विशेष आरक्षित रेलगाड़ी का परिचालन शुरू करेगा। इस ट्रेन से बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब जाने वाले यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर और जनरल क्लास के कोच रहेंगे।

---

राजगीर स्थित खेल अकादमी में आज से सोलहवीं राष्ट्रीय सब जूनियर पुरूष हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत हुई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि बारह अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तीस टीमें भाग ले रही हैं।

---

नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा शीतला मंदिर में भगदड़ में आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत के मामले में पुलिस ने पांच पंडा को गिरफ्तार किया है। इन सभी पंडा पर पैसे लेकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराने का आरोप है। साथ ही इस मामले में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत बीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इस बीच, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने आज मंदिर परिसर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि कल की घटना में प्रबंधन स्तर पर चूक हुई है। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मंदिरों का पंजीकरण और बेहतर प्रबंधन को अनिवार्य किया जाएगा।

---

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने डीआरडीए के निदेशक वैभव कुमार के सहरसा के नया बाजार और मुजफ्फरपुर स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये छापेमारी की गयी। वैभव कुमार पर पद का दुरुपयोग करते हुए लगभग दो करोड़ इकतालीस लाख रुपए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक खगड़िया जिले के बेलदौर में छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

---साउंड बाइट---

---

ईरान और अमेरिका–इजराइल के बीच युद्ध में जान गंवाने वाले बिहार के देवनंदन प्रसाद सिंह का पार्थिव शरीर आज भागलपुर पहुंचा। वे अमेरिकी तेल टैंकर पर एडिशनल चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान ड्रोन हमले में उनकी मौत हो गयी थी।

---

पटना वीमेंस कॉलेज में "साइंस विदाउट बाउंड्रीज़ कोलैबरेटिव रिसर्च फॉर द ट्वेंटी फर्स्ट सेन्चरी" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की आज शुरूआत हुई। सम्मेलन का उद्घाटन शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने किया।

---

शेखपुरा में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की ओर से आज से पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। जिलाधिकारी शेखर आनंद ने पंजीयन की शुरूआत की।

---

मुंगेर जिले के टेटियाबम्बर प्रखंड क्षेत्र के शंभूगंज बहियार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग जाने से सैंकड़ों एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी।

---

सासाराम जिला मुख्यालय में नई श्रम संहिता के खिलाफ मजदूर संगठनों ने प्रदर्शन किया।

---

कटिहार जिले के समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनय कुमार सिंह को ड्यूटी के दौरान शराब पीने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. देशभर में जनगणना का पहला चरण आज से शुरू। बिहार में सत्रह अप्रैल से होगी प्रथम चरण की शुरूआत।

02 केंद्र सरकार ने कहा – पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान में फंसे एक हजार एक सौ इकहत्तर भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

03. राज्य में गेहूं की सरकारी खरीद आज से शुरू। किसान पंद्रह जून तक पैक्स और व्यापार मंडल के जरिए बेच सकेंगे गेहूं।

04. और, नालंदा के शीतला मंदिर में हुई भगदड़ मामले में पांच गिरफ्तार। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत बीस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।